चुम्बकों का रहस्य




मेल्विन बर्गर


क्या आपने कभी चुम्बकों के बारे में सोचा है?




चुम्बक में एक ऐसा बल होता है जो लोहे जैसी कुछ धातुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है.




बहुत पहले, लोगों ने पाया कि कुछ धातु की वस्तुएँ एक विशेष चट्टान से चिपक जाती थीं. इस चट्टान को लोडस्टोन कहते थे.



आज, लोग खुद चुम्बक बना सकते हैं.
कम्पास में सुई एक चुम्बक होती है.



चुंबकीय सुई हमेशा उत्तर की ओर इशारा करती है.




हर चुम्बक में एक उत्तरी ध्रुव
और एक दक्षिणी ध्रुव होता है.




चुम्बक अपने ध्रुवों पर सबसे
ज़्यादा मजबूत होता है.



ज़रा देखें कि कि ये लोहे के बुरादे इस चुम्बक के चारों ओर कैसे इकट्ठा होते हैं?




बुरादे का पैटर्न चुंबकीय क्षेत्र दर्शाता है.



सभी चुम्बकों में चुंबकीय क्षेत्र होते हैं.



चुम्बक सभी आकार और साइज़ में आते हैं.




आपको क्या लगता है कि इनमें से
कौन सी चीज़ चुंबक से चिपकेगी?



पेपर क्लिप चुंबक से चिपक जाएंगे.



स्टील का रूलर भी चुंबक से चिपक जाएगा.



देखिए यह खास चुंबक कितनी चीज़ें पकड़ सकता है!



इसके बारे में सोचें

1. आप चुंबक का इस्तेमाल कब करते हैं?
2. शतरंज या चेकर सेट में चुंबक कैसे उपयोगी हो सकते हैं?
3. क्या आपको लगता है कि चुंबक कागज, कांच या प्लास्टिक को खींच सकता है?

आप कैसे पता लगा सकते हैं?

मजेदार तथ्य

- पृथ्वी अपने केंद्र में मौजूद लोहे के कारण चुंबक की तरह काम करती है.
- जब बड़े खेत के जानवर गलती से धातु खा लेते हैं, तो पशु चिकित्सक कभी-कभी उनके पेट से धातु निकालने के लिए चुंबक का इस्तेमाल करते हैं.
- दुनिया की सबसे तेज़ ट्रेनें ज़मीन से ऊपर उठने के लिए चुंबक का इस्तेमाल करती हैं. वे वास्तव में अपनी पटरियों के ऊपर तैरती हैं.
- चुंबक कई उपकरणों को काम करने में मदद करते हैं, जिनमें टीवी और टेलीफ़ोन शामिल हैं.